दिन–सोमवार दिनांक– 02/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने दोनों सदनों–विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित किया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में कानून का राज है। सरकार सामाजिक न्याय के साथ विकास पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है और इसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हैं। राज्यपाल ने राज्य सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिन महिलाओं का रोजगार अच्छा चलेगा उन्हें दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जायेगी। श्री खां ने कहा कि बिहार में साम्प्रदायिक सद्भाव का माहौल कायम है।

इधर, राज्यपाल के अभिभाषण के पूर्व विधानसभा में अध्यक्ष प्रेम कुमार और विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह के प्रारंभिक संबोधन के साथ सत्र की शुरूआत हुई। सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी सदस्यों ने विधानमंडल परिसर में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर प्रदर्शन किया। विपक्षी सदस्य नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा की पटना में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे।

————————————————————————

वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने आज विधानसभा में बिहार आर्थिक सर्वेक्षण दो हजार पच्चीस–छब्बीस पेश किया। श्री यादव ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण से पता चलता है कि विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन और राजस्व तथा खर्च के बीच बेहतर संतुलन के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य ने कृषि, संबद्ध क्षेत्रों, उद्योग सहित अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

श्री यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में राज्य की आर्थिक वृद्धि दर आठ दशमलव छह प्रतिशत रही। वहीं, प्रति व्यक्ति आय बढ़कर छिहत्तर हजार चार सौ नब्बे रुपये हो गई है।

———————————————————————————

विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार की कोई ठोस उपलब्धि का जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार से पलायन और बेरोजगारी में लगातार वृद्धि हो रही है। श्री यादव ने राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किये।

———————————————————————————

संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर आज लोकसभा में चर्चा शुरू हुई। चर्चा के लिए कुल अठारह घंटे निर्धारित हैं। सदन में धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए केन्द्रीय मत्री और भाजपा सांसद सर्बानंद सोनोवाल ने राष्ट्रपति मुर्मु के अभिभाषण को उल्लेखनीय बताया। उन्होंने कहा कि यह सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और विकसित भारत बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भाजपा के तेजस्वी सूर्या ने धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि पिछले बारह वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनता की आकांक्षाओं को पूरा किया है और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं को सशक्त बनाया जा रहा है।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो गयी है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि प्रदेशभर में एक हजार सात सौ बासठ परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इन केन्द्रों पर तेरह लाख सत्रह हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। श्री किशोर ने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। यह चौबीस घंटे सक्रिय रहेगा। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये दूरभाष संख्या **शून्य छह एक दो – दो दो तीन दो– दो पांच**

**सात** और **शून्य छअ एक दो दो दो तीन दो – दो दो सात** पर संपर्क किया जा सकता है।

———————————————————————————————

आकाशवाणी का दरभंगा केन्द्र आज अपना पचासवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर केन्द्र की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

———————————————————————————————

समाप्त